Title: Need to withdraw move to close Loco and Carriage workshops of Railway at Ajmer, Rajasthan. -- Laid

प्रो. रासासिंह रावत (अजमेर) : अध्यक्ष महोदय, अजमेर में रेलवे के दो बड़े-बड़े कारखाने हैं, लोको और कैरीज। इन कारखानों का इतिहास अत्यंत गौरवपूर्ण रहा है। इन कारखानों में जब तक देश में मीटर गेज थी, तब तक खूब कार्य उपलब्ध था, हजारों श्रमिक कार्यरत थे। अजमेर की आर्थिक स्थिति की सुदृढ़ता इन कारखानों पर निर्भर थी। ब्रॉडगेज होने तथा भाप की इंजनों की समाप्ति पर क्रमशः इनमें कार्य कम होता चला गया और नई भर्ती पर रोक होने, सेवा-निवृत्त के पश्चात रिक्त स्थानों को नहीं भरने आदि के कारण कार्यरत श्रमिकों की संख्या कम होती जा रही है। माननीय रेल मंत्री के आगमन पर तथा निरीक्षण के समय आश्वस्त किया गया था कि इन दोनों कारखानों को ब्रॉडगेज के अनुरूप प्राधिकारिक काम दिया जायेगा और बन्द नहीं किया जायेगा। दिल्ली-उदयपुर मीटर गेज लाइन के ब्रॉडगेज में परिवर्तन हो जाने पर मीटर गेज संबंधी गाड़ियों का काम यहां बिल्कुल बंद हो जायेगा।

अतः भारत सरकार, रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि अजमेर की आर्थिक व्यवस्था की रीढ़ की हड्डी, इन लोको और कैरीज रेलवे कारखानों को हरगिज बंद नहीं किया जाये तथा ज्यादा से ज्यादा काम दिया जाये।